# स्मार्ट सिटी

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel



# नाम बदल कर शिमला में छिपा था सन्नी सिंह

**वर्चुअल कॉल और टेलिग्राम से फोन कर रांची, बोकारो और बंगाल के कारोबारियों से रंगदारी मांगता था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित किशोरगंज रोड नंबर चार निवासी सन्नी उर्फ सन्नी सिंह को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को एसएसपी ने प्रेस काफ्रेंस में बताया कि सूचना मिली थी कि हिमाचल प्रदेश के शिमला में नाम बदल कर छिपा है। सन्नी सिंह वहीं से वर्चुअल कॉल और टेलिग्राम से फोन कर रांची, बोकारो और बंगाल के कारोबारियों से रंगदारी मांगता था। जो कारोबारी रंगदारी देने से मना करता था, उस पर वह गोली और बम से हमला करवा देता था। इसी सूचना पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम को हिमाचल प्रदेश भेजा गया। हालांकि इस बात की जानकारी सन्नी सिंह को मिली तो शिमला से भाग कर दिल्ली पहुंच गया। इसके बाद रांची पुलिस ने शिमला और दिल्ली पुलिस के सहयोग से सन्नी सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार किया। पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह 2017 से कोलकाता, पोखरा (नेपाल), मुंबई, चंडीगढ़, दिल्ली, करनाल और शिमला में ठिकाना बदल-बदल कर रहता था। वहीं से आपराधिक घटना को अंजाम देता था। पिछले साल भी सुखदेवनगर इलाके से उसके गुर्गों के पास से हथियार और सुतली बम बरामद किया गया था। सन्नी सिंह पर राजधानी रांची के विभिन्न थाना में करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं। कई कांडों में फरार आरोपी सन्नी सिंह के घर बीते साल नवंबर में कुर्की जब्ती की गयी। सन्नी सिंह रांची, बोकारो के साथ-साथ पश्चिम बंगाल पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था।

## झालसा की ओर से पूरे राज्य में राष्ट्रीय लोक अदालत लगी

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 4,55,983 मामले निष्पादित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नालसा के दिशा-निर्देश के आलोक में झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (झालसा) की ओर से पूरे राज्य में आयोजित वर्ष 2023 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में 4,55,983 मामले निष्पादित किये गये। खास बात यह रही कि राज्यभर की अदालतों में लंबित 57,913 मामलों का बोझ कम हुआ। प्री लिटिगेशन के 3,98,070 मामलों का समाधान राष्ट्रीय लोक अदालत में किया गया। इसके लिए लगभग 200 से अधिक बेंचों का गठन किया गया था, लोक अदालत के दौरान लगभग तीन अरब 84 करोड़ 89 लाख 55 हजार 630 रुपये की राशि का सेटलमेंट किया गया।



हाइकोर्ट में 138 मामले निष्पादित, तीन करोड़ से अधिक का सेटलमेंट झारखंड हाइकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी की ओर से हाइकोर्ट में नेशनल लोक अदालत आयोजित की गयी। हाइकोर्ट में तीन बेंचों का गठन किया गया था। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद, जस्टिस अनुभा रावत चौधरी व जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी के बेंचों के माध्यम से प्री लिटिगेशन के 28 तथा हाइकोर्ट में लंबित 110 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान तीन करोड़ 23 हजार चार सौ अड़तालीस रुपये का सेटलमेंट किया गया, जबकि 28 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

### इन मामलों का हुआ निपटारा

निष्पादित मामलों में बैंक से संबंधित आपराधिक सुलहनीय मामले श्रम, भूमि अधिग्रहण, दुर्घटना दावा, वैवाहिक, चेक बाउंसिंग से संबंधित मामले शामिल थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए एक्टिंग चीफ जस्टिस व झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस अपरेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पिछले एक माह से तैयारियां चल रही थीं।

### 76000 से अधिक मामलों का निपटारा


झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश के आलोक में शनिवार को सिविल कोर्ट रांची परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। न्याययुक्त अरुण कुमार राय ने पीड़ितों के बीच मुआवजा राशि वितरित कर लोक अदालत का उद्घाटन किया।

11 पीड़ितों को झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत 46 लाख रुपये मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया। वाहन दुर्घटना अधिनियम के तहत पीड़ित के परिजन को 80 लाख रुपये मुआवजा का चेक प्रदान किया गया। अतिथियों का स्वागत तथा मंच का संचालन रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव राकेश रंजन ने किया। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रशिकेष कुमार, एमएसीटी के पीठासीन पदाधिकारी मनीष, न्यायिक पदाधिकारी, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, मध्यस्थ, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उधर नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए डालसा रांची ने 42 बेंचों का गठन किया था। बेंचों के माध्यम से कोर्ट में लंबित व प्री लिटिगेशन से संबंधित 76000 से अधिक मामलों का निष्पादन किया गया। 64 करोड़ से अधिक रुपये का सेटलमेंट किया गया।

# पांच दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन शुरू

**जगदगुरु श्री कृपालुजी महाराज के वरिष्ठ प्रचारक हैं**

**स्वामी मुकुंदानंद के रांची आगमन पर हुआ भव्य स्वागत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के चिल्ड्रेन पार्क, कडरू में शनिवार को पांच दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन का भव्य आयोजन राधा गोविंद धाम, रांची के सानिध्य में प्रारंभ हुआ।

शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक जगदगुरू श्री कृपालुजी महाराज के वरिष्ठ प्रचारक स्वामी मुकुंदानंद जी दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन के द्वारा अपनी मधुर वाणी से उपस्थित श्रोताओं को अमृत पान कराया। महराज श्री कहते हैं वेद को लोग समझते नहीं हैं ना ही उन्हें पढ़ते ना उनके ज्ञान की बातों को अपने अंदर आत्मसार करते हैं।

मनुष्य हमेशा आनंद की तलाश में भटकता है जबकि वह जानता है कि आनंद भगवान की संतान है क्योंकि भगवान के नाम जब के साथ ही आनंद की अनुभूति होती है। आयोजन से जुड़े प्रमोद सारस्वत ने रांची के समस्त धार्मिक और सामाजिक एवं व्यापारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ साथ सभी धर्म प्रेमियों को पांच दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन एवं संकीर्तन के कार्यक्रम में सपरिवार इष्ट मित्रों सहित उपस्थित होने का आग्रह किया है। 11 फरवरी से 15 फरवरी तक चलने वाले प्रवचन का समय प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक रहेगा। लोगों ने भजनों का आनंद उठाया। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में महेंद्र शर्मा, शैलेश सिंह, भानु जलान, कपिल देव गिरी, अशोक आचार्य, किशोर मिश्रा, बसंत शर्मा, डॉ अभिषेक सिंह, मीनाक्षी नेत्रालय, राजू भाई, रामाकांत जेना, भरत अग्रवाल, एनसी गुप्ता, नकुल नायक सहित अन्य लोग लगे हुए हैं।

इसके पूर्व डॉ अभिषेक सिंह, डॉ मीनाक्षी, आरपी सिंह, डॉ विकास गुप्ता, भानु जलाल, अरुण झा, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय सहित काफी संख्या में लोगों ने महाराज जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन और स्वागत किया।

# शिव बारात में सुरक्षा व्यवस्था, सुगम यातायात और जल छिड़काव की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देवाधिदेव महादेव की बारात निकालने की तैयारी आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा बड़े हर्ष उल्लास और उमंग के साथ की जा रही है।

इसकी तैयारी को लेकर समिति के सचिव शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी, वरीय आरक्षी अधीक्षक, नगर आयुक्त, नगर अधीक्षक, कोतवाली, सुखदेव नगर थाना, नगर निगम सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात की।



इस मौके पर शैलेंद्र कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति के द्वारा 18 फरवरी को शिव बारात बड़े ही वृहद पैमाने पर निकाली जा रही है। इस दौरान सुगम यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की एवं मांग पत्र सौंपा गया। नगर आयुक्त से मिल कर शोभायात्रा के दौरान मार्ग में जल छिड़काव, साफ-सफाई, चलंत शौचालय की व्यवस्था को लेकर समिति ने मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में समिति के शैलेंद्र कुमार, नवीन पापनेजा, राकेश अरोड़ा, नमन भारतीय, हीरालाल तनेजा, राकेश अरोड़ा, विजय वर्मा, अशोक बजाज, सुमित बजाज, नीरज जयसवाल, बंटी शर्मा, रवि अरोड़ा, गौरव बजाज एवं समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# जीएंडएच हाइस्कूल में वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जीएंडएच हाइस्कूल में शनिवार 11 फरवरी को वार्षिक खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्देशिका टी पाणिग्रही ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरुंधति पंडा आइएएस अवकाश प्राप्त डायरेक्टर फाइनेंस एचइसी थीं। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के खेल झंडे को फहराकर तथा मशाल रोशनी के साथ की गयी।



इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। विशाखा एवं समूह ने प्रारंभ में स्वागत गान द्वारा मुख्य अतिथि तथा सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया। प्री नर्सरी के बच्चों ने तथा कक्षा दो से पांचवें तक के बच्चों ने आकर्षक मनमोहक डांस किया। योगा प्रदर्शन भी हुए। जीवन में योग के महत्व को भी बताया गया। खेल कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल के हेड ब्वाय राहुल कुमार ने शपथ दिलवायी, ताकि खेल को खेल भावना से नियमबद्ध होकर खेला जा सके। खेल प्रतियोगिता पूर्ण रूप से इंटर हाउस थी। इस प्रतियोगिता में अनेक खेलों को शामिल किया गया। 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर रिले रेस, सैक रेस, खो खो, कबड्डी, वालीवाल तथा शतरंज इत्यादि। विद्यार्थियों ने खेल भावना एवं उत्साह के साथ पूरे खेल को पूर्ण एकाग्रता से प्रतिबद्ध होकर खेला। खेल की समाप्ति पर प्रथम स्थान बोस हाउस ने जीता। द्वितीय तिलक हाउस एवं तृतीय स्थान आजाद हाउस को मिला। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य दिलीप कुमार झा ने किया। इस अवसर पर सभी हाउस शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना सहयोग दिया। इसके अतिरिक्त सभी शिक्षिकेतर कर्मचारियों ने भी भरपूर सहयोग दिया।

## कार्यक्रम : श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव का दूसरा दिन

# राजस्थानी परंपरागत वेशभुषा में निकाली भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम परिवार, रांची के द्वारा आयोजित श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव के दूसरे दिन श्री श्याम प्रभु को अर्पित होने वाले पवित्र निशानों की शोभा यात्रा श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से निकाली गयी।

इसमें 251 महिला और पुरुष राजस्थानी परंपरागत वेशभूषा में निशान लेकर पैदल चले। झारखंड की परंपरागत नगाड़ा पार्टी आगे आगे नगाड़ा वादन करते हुए निकले। फूलों से सुसज्जित रथ पर जब श्री श्याम



प्रभु विराजमान होकर निकले तो छटा देखते ही बनती थी। पूरे रास्ते सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने एवं श्री श्याम प्रेमियों ने शोभायात्रा का स्वागत के साथ श्री श्याम प्रभु की आरती उतारी और बाबा श्याम का आर्शीवाद प्राप्त किया। रथ के आगे पंचप्यारे और राधाकृष्ण की जीवंत झांकियां चल रही थी। जो पूरे रास्ते भक्तों के बीच प्रसाद वितरण करते हुए चल रहे थे। श्री श्याम परिवार रांची के सदस्यों के द्वारा पूरे रास्ते भजनों से सभी श्रद्धलुओं का मन मोह लिया। भजनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसमें संस्था के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष श्रवण जालान, मंत्री मंटू जालान, कोषाध्यक्ष कमल जालान, महोत्सव संयोजक विमल झुनझुनवाला, महेश सेन, पवन शर्मा, पवन लोहिया, मदन सोनी, मोनू शर्मा, गोपाल चांगल, अतीश सिंह, उपेंद्र तिवारी, विनय भाटिया, रवि साबू, रमेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, राजेश शर्मा, प्रकाश, जयदीप सेन, पं. शंकर लाल शास्त्री, निरंजन तोदी, अशोक धानुका, ज्योति पोद्दार सहित अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा। ये जानकारी संस्था के प्रचार प्रभारी अमित चौधरी ने दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय के छात्रों को संस्कृति से अवगत कराया गया



रांची (आजाद सिपाही)। अखड़ा क्लास में संगीत नाटक अकादमी से पुरस्कृत महावीर नायक राम लखन सिंह यादव कॉलेज के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में आये और झारखंड में जितने भी राग रागिनी हैं उन पर विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को यहां की संस्कृति के बारे में बताया। खास करके यहां जितने तरह के मौसम हैं, उसके आधार पर कौन-कौन से समय पर कौन-कौन से गीत गाये जाते हैं और यहां की अखरा संस्कृति क्या है। अखरा की उत्पत्ति कैसे हुई ? इन सब बातों पर विशेष तौर पर चर्चा की गयी। ज्ञात हो कि राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय रांची यूनिवर्सिटी का पहला महाविद्यालय है, जहां पर अखरा का निर्माण कराया गया है और वहां पर सिलेबस के आधार पर राग रागिनी के लिए प्रत्येक सप्ताह शनिवार को झारखंड के वरिष्ठ लोक कलाकारों को निमंत्रण दिया जाता है, जो बच्चों को यहां की संस्कृति के बारे में जानकारी देते हैं। बच्चों का कहना है कि इस तरह की पहल से झारखंड की संस्कृति की जड़ और मजबूत होगी और आने वाले दिन में यही बच्चे झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ खालीक अहमद, रांची विश्वविद्यालय नागपुरी टॉपर पप्पू कुमार महतो सोनू की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं के रूप में प्रेम मंजरी अंजू अनीशा रवि आशा रंजित संजय कविता जसिंता बसंती मनोहर सुलेखा चिराग कार्तिक के साथ अन्य विभाग के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग में विदाई समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। विकास पब्लिक स्कूल पुंदाग रांची में विद्यालय परिसर में दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक संजय कुमार ने आने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। नवम वर्ग के विद्यार्थियों ने सीनियर छात्र-छात्राओं का स्वागत पुष्प गुच्छ के साथ किया। अष्टम एवं सप्तम वर्ग के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति करके कार्यक्रम की शुरूआत की। दशम वर्ग के छात्र जगदीश, नाजिया और पारस चौहान ने अपने आठ साल के अनुभव को साझा किया। प्रधानाचार्या रेखा देवी ने छात्र-छात्राओं को जीवन में आने वाली तमाम चुनौतियों का डट कर सामना करने और कड़े परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने की नसीहत दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय सचिव विकास गौरव, अभिभावकगण, शिक्षक-शिक्षिका, कोऑर्डिनेटर अंशु तिवारी, पूजा सिंह, शकुंतला सिंह, अभिजीत, विश्वजीत, राजेश कुमार, नवीन पाठक, रेखा लांबा, अविनाश, श्रृष्टि, साक्षी जायसवाल, रेशमा बेगम का योगदान सराहनीय रहा।

### डीएसपीएमयू के अमानत पाठ्यक्रम का वार्षिक कैंप



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के भूगोल विभाग के अंतर्गत अमानत सर्वे सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। वर्तमान में सत्र 2022-23 बैच के विद्यार्थियों के लिए गत 7 फरवरी से 7 मार्च की अवधि तक 30 दिवसीय वार्षिक सर्वेक्षण कैंप का आयोजन कांके के होचर ग्राम में आयोजित किया जा रहा है। 68 विद्यार्थियों का नेतृत्व पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ नलिन कांत महतो और डॉ सत्यप्रिय महतो के दिशा निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा डॉ सुरजीत दत्ता, विवेक और अमीन रतन महतो इस सर्वेक्षण की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत करा रहे है जो इस पाठ्यक्रम की समाप्ति के उपरांत उनके रोजगार की दिशा में काफी उपयोगी साबित होगी। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### ओपीसी झारखंड में खोलेगा अस्पताल



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को देखते हुए टू हॉप मार्केटिंग सलूशन (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड झारखंड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाथ बढ़ायेगा। ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी ब्रिजेश तिवारी ने शुक्रवार को अपने जन्मदिन पर झारखंड में अस्पताल खोलने की घोषणा की है। उन्होंने रेडिशन ब्लू में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि हमारी टीम पिछले कई वर्षों से राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था पर रिसर्च कर रही थी। उन्होंने पाया कि राज्य के सुदरवर्ती गांवों में आज भी इलाज की घोर कमी है। लोगों को बेहतर इलाज के लिए सैकड़ों किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। कुछ लोगों को तो बेहतर इलाज नहीं मिलने के कारण उनकी जान चली जाती है। इन्हीं सब चीजों को देखते हुए हमारी कंपनी ने यह निर्णय लिया है कि राज्य के सुदरवर्ती गांव में रहने वाले लोगों के लिए उनके आस पास के इलाके में ही बेहतर स्वास्थ्य की व्यवस्था करेगी। यह सुविधा कम शुल्क पर लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा। सीएमडी ने कहा कि झारखंड के कई जिलों में कंपनी अस्पताल खोलने की योजना बना रही है। इसमें गुमला, लातेहार, हजारीबाग समेत अन्य जिले भी शामिल हैं। यहां स्वास्थ्य व्यवस्था का घोर अभाव है। कंपनी के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रमेश गुप्ता ने बताया कि इस राज्य का निवासी होने के कारण यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को भली भांति जनता हूं। राज्य बनने के 22 वर्षों के बाद भी लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। हम झारखंड सरकार के साथ मिलकर यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास करेंगे। हमारी टीम सरकार के साथ समन्वय बनाकर काम करेगी।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुयण्तिथि



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला भाजपा खूंटी कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुरेश जयसवाल ने की। सबसे पहले पंडित दीनदयाल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अपने संबोधन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका सिद्धांत एकात्म मानववाद को साकार करने के लिये भाजपा कृत संकल्पित है। नगर अध्यक्ष सुरेश जयसवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे, जो एक मजबूत एवं सशक्त भारत चाहते थे। कार्यक्रम को प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य प्रियांक भगत ने भी संबोधित किया। मंच संचालन जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी महावीर राम और धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष मदनमोहन गोप ने किया। मौके पर लव चौधरी, शंकर प्रधान, विकास चौधरी, कंचन सिंह, कृष्णा नंद तिवारी, जनार्दन मिश्रा, प्रशांत कुमार, सुकेंदर महतो, दिनेश महतो, रोहित जैन, आनंद राम, सीताराम महतो, बालकिशुन महतो, बबलू ठाकुर, कृष्णा लोहार, विनय नायक, रामचरण गोप, पंकज राम आदि थे।

## समाजसेवी मदन भगत को श्योर सक्सेस सेंटर में दी गयी श्रद्धांजलि



खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में सामाजिक कार्यकर्ता मदन भगत की द्वितीय पुण्यतिथि शनिवार को मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक सकलदीप भगत और डॉ डीएन तिवारी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की। डॉ तिवारी ने मदन भगत को याद करते हुए कहा कि भगत जी समाजसेवी, सरलचित, उदार, कर्तव्यनिष्ठ, धर्मनिष्ठ और सकारात्मक विचारों से ओतप्रोत थे। ईश्वर पर अटूट विश्वास व श्रद्धा रखते थे। मुरहू महादेव मंदिर की साफ-सफाई से लेकर समय पर पूजन और धार्मिक आयोजन में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर राष्ट्र के प्रबल प्रहरी के रूप में देशभक्ति की अलख जगाते रहते थे। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत एवं छात्र-छात्राओं ने दिवंगत मदन भगत को याद करते हुए कहा कि वे हमारे अभिभावक के रूप में सदा मार्गदर्शन करते थे। आज भी संस्थान के कार्यक्रमों में उनकी कमी महसूस होती है।

## पिपरवार प्रबंधन ने शुरू करायी जर्जर रेलवे पुल की मरम्मत



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार प्रबंधन ने रांची और चतरा जिला को जोड़ने वाले बचरा राय रेलवे अंडर पास पुल का मरम्मति कार्य शुरू करा दिया है। पिपरवार एरिया के सिविल विभाग एवं सुरक्षा विभाग ने बताया कि शनिवार से 17 फरवरी तक पुल से आवागमन बाधित रहेगा। इस रास्ते आने जाने वाले लोग पुरानीराय एंव बचरा पंचवटी के बगल से रेलवे अंडर पास पुल से आवागमण कर सकते है। ज्ञात हो कि यह अंडर पास पुल काफी दिनों से खराब और जर्जर था, जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती थी। उधर, मरम्मति का कार्य शुरू कराए जाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने पिपरवार प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया है।

### पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्श बने रहेंगे प्रेरणाश्रोत: कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। एकात्मक मानववाद के प्रणेता और विलक्षण प्रतिभा के धनी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर शनिवार को जिलेभर के कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया। तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कार्यकर्ताओं के साथ अपने पैतृक गांव ममरला के बूथ नंबर 82 पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि 1937 में जब वह कानपुर से बीए कर रहे थे, अपने सहपाठी बालूजी महाशब्दे की प्रेरणा से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आये। संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार का सान्निध्य कानपुर में ही मिला। दीनदयाल उपाध्याय जी ने पढ़ाई पूरी होने के बाद संघ का दो वर्षों का प्रशिक्षण पूर्ण किया और संघ के जीवनव्रती प्रचारक बने और आजीवन प्रचारक रहे। संघ के माध्यम से ही राजनीति में आये। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। गुरुजी (गोलवलकर जी) की प्रेरणा इसमें निहित थी। 1952 में इसका प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ। उपाध्याय जी इस दल के महामंत्री बने। इस अधिवेशन में पारित 15 प्रस्तावों में से सात उपाध्याय ने प्रस्तुत किये। डॉ मुखर्जी ने उनकी कार्यकुशलता और क्षमता से प्रभावित होकर कहा था कि यदि मुझे दो दीनदयाल मिल जाएं, तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदल दूं। विधायक ने बताया कि 1967 में कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वह मात्र 43 दिन जनसंघ के अध्यक्ष रहे और 11 फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई। विधायक ने कहा कि पंडितजी के आदर्श हमेशा हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं।



पंडित दीनदयाल उपाध्यय की तस्वीर को नमन करते विधायक कोचे मुंडा।

## गोविंदपुर मंडल में दी गयी श्रद्धांजलि

भाजपा गोविंदपुर मंडल द्वारा जरियागढ़ में समर्पण दिवस के रूप में मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह की अगुवाई में पंडित दीनदयाल दपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके समर्पण को याद कर उनकी जीवनी पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष विनय गुप्ता, मुरलीधर मिश्रा, महिला मोर्चा महामंत्री सीमा देवी, जिला मंत्री रामलखन सिंह, नीलाम्बर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सुधीर सिंह, सुरेंद्र गोप, जगरनाथ साहू, मधुसूदन साहू, उग्रसेन साहू, बिरेन साहू, मधुसूदन सिंह आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 5010 मामलों का निष्पादन, 10 करोड़ के राजस्व की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में शनिवार को जिला विविध सेवा प्राधिकार खूंटी की ओर से व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए छह बेंच का गठन किया था। प्रथम बेंच में अपर जिला जज प्रथम संजय कुमार, अधिवक्ता मिलन कुमार दास और राजेश कुमार मौजूद थे। द्वितीय बेंच में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, अधिवक्ता कविता कुमारी मदन मोहन, जबकि तृतीय बेंच में एसडीजेएम दिनेश बाउरी, अधिवक्ता आशीष कुमार और अनिमा तिर्की मौजूद थे। चतुर्थ बेंच में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम तुषार आनंद, अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक और करम सिंह प्रमाणिक मौजूद थे। पंचम बेंच में स्थायी लोक अदालत की सदस्य मधु चंदा कुमारी रजक, दीपक कुमार विद्यार्थी और अधिवक्ता मनोज कुमार ठाकुर और छठे बेंच में उपभोक्ता फोरम की अध्यक्ष रीता मिश्रा, सदस्य सुरेश कुमार राय और सदस्य राधा रानी मौजूद थी। लोक अदालत में दीवानी और फौजदारी न्यायालय के सभी सुलहनीय प्रकृति के मामले, बैंक ऋण, एमवी एक्ट, नगर पंचायत, परिवहन विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग एवं बिजली विभाग से संबंधित मामले पेश किये गये। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार-1 के अनुसार, लोक अदालत में 5010 मामलों का निस्तारण किया गया। साथ ही 10 करोड़ 25 लाख 16 हजार 854 रुपये की राशि राजस्व के रूप में प्राप्त हुई। लोक अदालत में निष्पादित मामलों में 210 वाद न्यायालय में लंबित वाद शामिल हैं।




राष्ट्रीय लोक अदालत में अपना विचार रखते प्रधान जिला जज व अन्य।

## मोटरवाहन नियमों का पालन नहीं हुआ तो लगेगा जुर्माना

खलारी (आजाद सिपाही)। अब खलारी में भी मोटरवाहन नियम का पालन नहीं हुआ तो जुर्माना भरना होगा। इसकी जानकारी देते हुए खलारी थाना प्रभारी पुनि फरीद आलम ने बताया कि क्षेत्र में जगह-जगह जांच अभियान चलाया जाएगा। मोटरवाहन नियम का पालन नहीं करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर थाना लाया जाएगा। एप के माध्यम से जिला परिवहन पदाधिकारी को जानकारी दी जाएगी कि मोटरवाहन के किस नियम का उलंघन किया गया। आरटीओ द्वारा तय जुमार्ना संबंधित विभाग में जमा करने के बाद ही वाहन छोड़ा जाएगा। थाना प्रभारी ने आम जनता से सहयोग की अपील की है। कहा कि सभी वाहन चालक ड्राइविंग लाइसेंस सहित वाहन के अवश्यक कागजात साथ लेकर चलें। दुपहिया वाहन पर बगैर हेलमेट व ट्रिपल लोड न चलें।

## बाल विवाह रोकने में जनप्रतिनिधि करें सहयोग : कुमार सौरभ

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला समाज कल्याण, बाल संरक्षण इकाई की ओर से शनिवार को तोरपा प्रखंड सभागार में अनाथ, परित्यक्त, अभ्यर्पित और कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को प्रायोजन, पालन-पोषण देखरेख कार्यक्रम से जोड़ने और बाल विवाह की रोकथाम पर चर्चा को लेकर बैठक की गई। जिसमें बच्चों से जुड़ी इस योजना से अधिक से अधिक लोगों को कैसे जोड़ा जाए और ग्रामीणों को कैसे जागरूक किया जाए, इस पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित लोगों को सीनी संस्था की सौमी चक्रवर्ती और कुमार सौरभ ने योजना के संबंध में विस्तार बताया। उन्होंने कहा कि प्रयोजन कार्यक्रम विषम परिस्थितियों में कमजोर बच्चों के लिए पारिवारिक देखरेख और संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम है। इसके तहत प्रति माह प्रति बच्चे दो हजार रुपये की सहायता सरकार द्वारा दी जाती है। फॉस्टर केयर या पालन देखभाल एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमें बच्चा आमतौर पर अपने सगे-संबंधियों के साथ नहीं, बल्कि परिवार के सदस्यों के साथ रहता है। इसके लिए भी सरकार सहायता देती है। कठिन परिस्थिति में रह रहे बच्चों को योजना का लाभ मिले, इसके लिए जनप्रतिनिधि और फ्रंटलाइन वर्करों को आगे आना होगा। प्रतिज्ञा संस्था के मनीष कुमार लाल ने बाल विवाह की रोकथाम के बारे में बताया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानंद कारजी, उप प्रमुख संतोष कुमार कर, संरक्षण पदाधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) शिवाजी प्रसाद, एलपीओ पुतुल कुमारी, पंचायत समिति सदस्य जयमंगल गुड़िया, असरीता भेंगरा, सनरती बुद, विश्वासी टोपनो, बसंती लकड़ा, पूनम भेंगरा, एलएस बेला, रचना मिंज आदि मौजूद थे।

# मोनेट कोल वाशरी सीएसआर के तहत करे सड़क निर्माण : कृष्णा

खलारी (आजाद सिपाही)। एन के एरिया एटक श्रमिक संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा चौहान ने एक बयान जारी कर कहा है कि मोनेट कोल वाशरी कंपनी समाजिक दायित्त्व के तहत मोनेट कोल वासरी केडीएच परियोजना कार्यालय से लेकर केकराहीगढ़ा विस्थापित बस्ती तक सड़क का निर्माण करे। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से इस सड़क की स्थिति जर्जर बनी हुई है। इस सड़क का उपयोग मोनेट कोल वासरी के लिए किया जाता है। आये दिन सीसीएलकर्मियों, ग्रामीणों के लिए यह सड़क आवागमन के लिए मुख्य रूप में उपयोग की जाती हैं। सीआइएसएफ कैंप भी इसी रास्ते में है। वहीं मोनेट कोल वासरी के रिजेक्ट कोल स्टॉक के बगल से केडीएच कांटाघर के रास्ते को भी बदहाल बना दिया गया हैं। आम जनता परेशान होकर केकराहीगड़ा गांव होकर जामडीह पुरनाडीह रोहिणी की तरफ आना जाना करती है। औधोगिक क्षेत्र के विकास और विस्थापित लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए मोनेट कोल वासरी अविलंब इस सड़क को बनाने का काम करे। इसके पूर्व में भी कृष्णा चौहान की ओर से राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण नई दिल्ली को इस संबंध में पत्र लिख कर जांच कराई गई थी। मोनेट के इस रवैये के कारण फिर से कृष्णा द्वारा पीएमओ,एवम एन.जी.टी को जानकारी देने के लिए पहल कर दी गई हैं।

## पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को मिले मनोरंजन का भी अवसर : सीबी सहाय



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को बाल मेला फूड एंड फन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय के अलावा जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा मिनीता सहाय, सीआइएसएफ के डिप्टी कमांडेड मृत्युजंय स्वामी ने संयुक्त रूप से बाल मेले का शुभारंभ किया। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। आभांसु द्विवेदी और उसके समूह द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जीएम सीबी सहाय ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन करने का भी अवसर मिलना चाहिए। इस तरह के आयोजन से बच्चों को भरपूर मनोरंजन करने का अवसर मिलेगा। वहीं, प्राचार्य ने बाल मेला के उद्देश्य को बताया। बाल मेले के अवसर पर स्कूल के बच्चों और शिक्षकों द्वारा कई प्रकार के स्वादिष्ट और लजीज व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया था। इस मौके पर स्टाफ ऑफिसर असैनिक पीके साहू, स्टाफ ऑफिसर ईएण्डएम एके पाठक, कुणाल आनंद, स्टाफ ऑफिसर पर्यावरण संजय सिंह, डॉ केपी निराला, डॉ डीके सहाय, डॉ सारिका सिंह, श्रमिक प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी, एसके चौधरी, संजय सिंह, रविंद्र सिंह, मुखिया रीना देवी, पिंकी, विनीता पाठक, शिखा शर्मा, मीरा कुमार, लता प्रताप आदि मौजूद थे।

### सीआइएसएफ के अधीन होने के बावजूद उग्रवादी करते रहते हैं फायरिंग

# दूसरे दिन भी बंद रहा रोहिणी कांटा

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत रोहिणी कांटाघर के बाहर शुक्रवार को हुए फायरिंग का डर अभी भी बना हुआ है। जिस कांटा में फायरिंग की घटना हुई थी उसमें शनिवार को भी कामकाज बंद रहा। कोयला लदे वैसे ट्रक जिन्हें आवश्यक कागजात नहीं मिल सका था वे शनिवार को भी वहीं खड़े रहे। बतातें चलें कि सीसीएल एनके एरिया व पिपरवार एरिया की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) को तैनात किया गया है। दोनों एरिया सीआईएसएफ कमांड क्षेत्र कहलाता है। पुरनाडीह परियोजना में राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती है। इसके बावजूद उग्रवादी अपराधी बेखौफ आते हैं और गोली चलाकर चले जाते हैं। कोयला उठाव करने वालों में उग्रवादियों, अपराधियों का खौफ कायम रहता है। कई कोयला कारोबारी उग्रवादियों, अपराधियों के गोली का शिकार भी हो चुके हैं। जिस रोहिणी परियोजना के कांटाघर में फायरिंग की घटना हुई है, वहां सीआइएसएफ का अलग कैंप है। दरअसल भय का वातावरण बनाने वाले उग्रवादियों, अपराधियों को सीआइएसएफ से कोई डर नहीं होता है। परियोजना क्षेत्र में अधिकतर जगहों पर डिउटी करने वाले सीआईएसएफ जवान खाली हाथ होते हैं या केवल डंडे के सहारे होते हैं। उग्रवाद क्षेत्र में हथियार की सुरक्षा का हवाला देकर जवानों को हथियार नहीं दिया जाता है। केवल पेट्रोलिंग टीम या क्यूआरटी के पास हथियार होते हैं। जबतक यह टीम पहुंचती है, घटना को अंजाम देने वाले भाग गए होते हैं। स्थानीय पुलिस भी घटना के बाद ही वहां पहुंचती है। इधर शुक्रवार को हुई घटना के समय कांटा पर तैनात सीआईएसएफ जवान द्वारा खलारी थाना पुलिस को अज्ञात लोगों द्वारा गोली चलाए जाने की लिखित सूचना दी गई है।



असंगठित मजदूरों से मारपीट व फायरिंग के बाद खाली पड़ा रोहिणी कांटाघर।

## आदिवासी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, पांच गिरफ्तार

खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग आदिवासी लड़की से पांच लड़कों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटित गुरुवार रात की है। इसकी सूचना वारदात की रात ही जरियागढ़ पुलिस को दी गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना में शामिल सभी पांच आरोपितों को पकड़ लिया। आरोपितों में चार किशोर भी शामिल हैं, जिन्हें निरुद्ध किया गया, जबकि गिरफ्तार हुटुप गांव के लछू बरूआ (20) को न्यायिक हिरासत में शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पीड़िता लिमड़ा पंचायत में अपनी बड़ी मां के घर गई थी। गुरुवार की शाम टॉर्च लेकर अपने दादा के घर वीडियो गेम खेलने गई थी। वहीं पर एक आरोपित किशोर पीड़िता को रास्ता दिखाने के बहाने टॉर्च लेकर बाहर बुलाया। फिर कुछ दूर पीड़िता को एक खाली घर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसके चार और दोस्त वहां आ गए और सभी ने बारी-बारी से पीड़िता से दुष्कर्म किया। पीड़िता द्वारा घटना की जानकारी स्वजनों ने रात में ही जरियागढ़ पुलिस को मामले की सूचना दी। खबर मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपितों को धर दबोचा। शुक्रवार को सदर अस्पताल में पीड़िता का मेडिकल जांच कराई गई। साथ ही न्यायालय में 164 के तहत बयान भी दर्ज कराया गया।

## राहे में महिला समूह के बीच 24 लाख का ऋण वितरित

राहे (आजाद सिपाही)। एसबीआई की राहे शाखा की ओर से वीओ कार्यालय में पांच महिला समूह के बीच 24 लाख रुपये का ऋण अवंटित किया गया। रांची क्षेत्रीय कार्यालय के प्रबंधक मंजू कुमारी ने सभी महिला समिति के बीच ऋण वितरण किया। रोजगार से जुड़ने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। महिला समूह द्वारा किये गये कार्य की समीक्षा की और बेहतर कार्य करने के लिए बैंक से सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर शाखा प्रबंधक श्वेता मिश्रा, जगदीश कुमार, लालमोहन प्रजापति, बैंक सखी देवयानी साहा, लखिमनी देवी आदि मौजूद थीं।

## बुंडू के सुमानडीह गांव में टुसू मेला का उद्घाटन आज

बुंडू (आजाद सिपाही)। सुमानडीह गांव में रविवार को टुसू मेला का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन विधायक विकास कुमार मुंडा द्वारा किया जायेगा। मेले में फुटबॉल के अलावा छऊ नृत्य और बूगी बूगी डांस का भी आयोजन किया गया है। यह जानकारी मेला समिति ने दी।

## 13 को विधायक विकास मुंडा करेंगे कांची नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास

बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कांची नदी में हेट कांची से बनधर के बीच सोमवार को उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास विधायक विकास कुमार मुंडा करेंगें। लगभग छह करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण होगा। वर्षो से लोंगो पुल की मांग कर रहे थे।

## समारोह आयोजित कर सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



बुंडू (आजाद सिपाही)। सिंबायोसिस पब्लिक स्कूल में समारोह आयोजित कर 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। जिसमें छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट परीक्षा फल की कामना की गई। प्राचार्य तराना बेगम ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। दूसरी ओर, स्कूल में होने वाली प्रतियोगिता में सूरज कुंडू को मिस्टर फेयरवेल एवं खुशी गुप्ता को मिस फेयरवेल के खिताब के अलावा महविश को मिस पर्सनालिटी, अयान मुखर्जी को मिस्टर पर्सनालिटी के खिताब से नवाजा गया। विदाई समारोह के संचालन में इस स्कूल के 11वीं के विद्यार्थियों ने अपना उत्कृष्ट योगदान दिया। समारोह में स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सोनाहातू में भालू के हमले में महिला घायल

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में जंगली भालू के हमले में बारेंदा देवानसरना निवासी बबिता देवी नामक महिला घायल हो गई। घटना शनिवार की सुबह 11 बजे की है। बबिता देवी जंगल में गयी थी। तभी झाड़ी से निकल कर आए एक भालू ने हमला कर दिया। जिसमें वो घायल हुई। चीख पुकार मचाकर लोगों को बुलाया। बाद में हाथी मित्र तापस कर्मकार के सहयोग से तत्काल घायल महिला को सोनाहातू अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति में सुधार आया है।

## जिला स्तरीय निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं का दबदबा

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। बीएमपी स्कूल रांची में आयोजित जिला स्तरीय पर्यावरण मेला 2023 के निबंध प्रतियोगिता में सोनाहातू कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा हेमा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। निबंध जलवायु परिवर्तन विषय पर आयोजित था, जिसमें जिला के 20 स्कूलों के छात्र-छात्राओं को पछाड़कर हेमा ने प्रथम स्थान हासिल किया है। पेंटिंग प्रतियोगिता में आरती कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। नीला ग्रह विषय पर बेहतरीन पेटिंग कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्राओं के प्रदर्शन पर वार्डेन शशि बाड़ा, सरोजिनी टोप्पो, फुलमनी बाड़ा, सौरभ कुमार सिंह और कृष्ण चंद्र महतो ने बधाई दी है।

## जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट के आरोप में तीन गिरफ्तार

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ ब्लाक मोड़ के निकट जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट के आरोप में तमाड़ पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की देर रात पत्रकार रणविजय सिंह के घर हमला किया गया था। जिसमें कई लोग घायल हो गये थे। इसी सिलसिले में पत्रकार ने मामला दर्ज कराया था। जिसके आलोक में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## कल्याणपुर न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में हुई शिक्षकों और अभिभावकों की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कल्याणपुर न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में शनिवार को शिक्षक और अभिभावकों की बैठक हुई। जिसमें स्कूल और बच्चों के विकास को लेकर चर्चा की गई। नये सत्र में नामांकन, बच्चों की परीक्षा सहित बेहतर शिक्षा व संस्कार देने पर चर्चा हुई। बैठक में स्कूल की प्राचार्य ताका जमीर, प्रबंधक रेहाना परवीन, मोहम्मद साहिल सहित स्कूल के सभी शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।

## हत्याकांड में एक युवक का नाम घसीटे जाने के विरोध में ग्रामीणों ने किया थाना का घेराव



आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड से गढ़गांव के विजय उरांव हत्याकांड में गांव के ही एक युवक मांगा उरांव का नाम घसीटे जाने के विरोध में शनिवार को ग्रामीणों खासकर महिलाओं ने थाना का घेराव किया। तीन घंटे बाद मांग से संबंधित एक ज्ञापन सौंपने व इस संबंध में थाना प्रभारी रजनी रंजन द्वारा अनुकूल आश्वासन देने के बाद घेराव कार्यक्रम समाप्त किया। वरीय आरक्षी अधीक्षक के नाम मांगपत्र में मांगा को निर्दोष व इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की गयी है। इधर घेराव कार्यक्रम में शामिल मांगा ने जानकारी दी कि मृतक विजय उरांव मेरा भांजा था। उसने स्वीकार किया कि वह दो-तीन साल से किसी भी संगठन से मेरा कोई नाता नहीं है। वह कई वर्ष पूर्व पीएलएफआई संगठन से जुड़ा था, परंतु वर्तमान में कोई भी उग्रवादी संगठन से उसका नाता नहीं है। वर्षों से अपराध से नाता तोड़ समाज की मुख्य धारा से जुड़कर जीवन बसर कर रहा हूं। घेराव कार्यक्रम में अधिकांश महिलाएं शामिल थीं। घेराव के लिये थाना गेट से अंदर प्रवेश करने के दौरान पुलिसकर्मियों से मामूली रूप से झड़प भी हुई। इधर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा, चचगुरा ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव, गढ़गांव ग्राम प्रधान चारो उरांव ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर थाना से बाहर किया।

## मांगों को लेकर आदिवासी छात्र संघ ने पिस्का में रांची-लोहरदगा ट्रेन को दस मिनट के लिए रोका



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** आदिवासी छात्र संघ और आदिवासी सेंगेल अभियान के तहत सरकार तक अपनी मांगों को पहुंचाने को लेकर पिस्का में रांची-लोहरदगा ट्रेन को सांकेतिक तौर पर दस मिनट के लिये लगभग दोपहर दो बजे रोका। इनकी मांग है कि मरंगबुरु पारसनाथ पहाड़ जिसमें आदिवासियों का धार्मिक स्थल है जिसे जैनियों को सौंपा गया है इसे सरकार तत्काल वापस ले और आदिवासियों को सौंप दे। साथ ही केंद्र सरकार 2023 में सरना धर्म कोड लागू करे। मौके पर उपस्थित आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने कहा कि सरकार तत्काल मरंगबुरू को जैन धर्मावलंबियों को सौंपने का जो काम किया है वह तत्काल अपने निर्णय को वापस ले और पूरे पहाड़ को आदिवासियों को सौंपने का काम करे, नहीं तो आगे आने वाले समय पर एक वृहद उग्र आंदोलन होगा। जिसके जिम्मेदार राज्य व केंद्र सरकार दोनों होंगे। मौके पर एसीएस रांची जिला प्रवक्ता मंगल उरांव, सुमित उरांव, महादेव उरांव, संजय उरांव, अनुज उरांव, महादेव बेक, रामजू उरांव, मनीष प्रकाश उरांव, रमेश मुंडा, बिगल उरांव, चरवा खलखो, चमरू उरांव, आनंद उरांव, विनोद उरांव, राजेश उरांव, संगम उरांव, महावीर मुंडा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक में किसान बजट 2023 पर की गयी चर्चा

**रातू (आजाद सिपाही)।** रांची जिला ग्रामीण के तत्वावधान में शनिवार को पिठौरिया के मुड़हर पहाड़ में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा आयोजित चौपाल में किसान बजट 2023 की चर्चा किया गया। रांची जिला ग्रामीण किसान मोर्चा के अध्यक्ष कामेश्वर महतो की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी ललित नारायण ओझा उपस्थित हुए। कार्यक्रम में किसान मोर्चा रांची जिला ग्रामीण मीडिया प्रभारी पंचम महतो, सह मीडिया प्रभारी मनोज महतो, पिठौरिया मंडल के अध्यक्ष गोपाल महतो, मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष चेतन ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष किसान मोर्चा, मंडल के अन्य पदाधिकारी के अलावा प्रगतिशील किसान के रूप में पिठोरिया निवासी सागर साहू, शिव शंकर मुंडा एवं अनेकों किसान उपस्थित हुए। कार्यक्रम से पूर्व जनसंघ के नींव रखने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी ने समर्पण दिवस के रूप में मनाते हुये उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

## पूर्व विधायक सह केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के संरक्षक विश्वनाथ भगत की पुण्यतिथि मनायी गयी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय पडहा संचालन समिति व झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सयुक्त तत्वावधान में झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक स्व विश्वनाथ भगत की दूसरी पुण्यतिथि बेड़ो स्थित बारीडीह जतरा टाड स्थित केंद्रीय पडहा समिति भवन प्रांगण में मनाई गयी। इस मौके पर सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने दो मिनट का सामूहिक मौन धारण कर व स्व विश्वनाथ भगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित उन्हें याद किया। मौके पर स्व विश्वनाथ भगत की पत्नी व केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की संरक्षक नीलमणि भगत ने श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरी तंमयता से स्व. विश्वनाथ भगत के बताये मार्ग पर चलकर क्रांति लाना है। मौके पर झारखंड आंदोलन्कारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो, पूर्व मंत्री देव कुमार धान, केंद्रीय संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव, झारखंड आंदोलनकारी व समिति के उपाध्यक्ष भौवा उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष एतवा उरांव, प्रो सोमरा उरांव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन धनजय कुमार राय व धन्यवाद ज्ञापन कैप्टन लोहरा उरांव ने किया। इस अवसर पर राकेश भगत,पंचम उरांव, तस्लीम मिरदाहा, महाबीर राम लोहरा, दिवाकर साहू, मुरली राम, डेविड बालमुचु, मंगू लकड़ा, गंदु लोहरा, दशरथ लकड़ा, हरि चरण महतो, भोला उरांव, हिनू उरांव, पीटर तिर्की, बंधना उरांव, जोसेफ उरांव, धनेश भगत, विजय तिर्की, अरविंद तिग्गा, बंदे उरांव सहित अन्य सभी उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय विश्वनाथ भगत को श्रद्धा सुमन अर्पित की।

**लूटपाट :** मांडर क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद, पुलिस के लिए बड़ी चुनौती

# दिनदहाड़े हथियार के बल पर जेवरात एवं नगदी समेत लाखों रुपये की लूट

अपराधियों की तस्वीर सीसी टीवी में हुई कैद

आधे घंटे तक लुटेरे दुकान में लूटपाट करते रहे लेकिन राहगीर से लेकर प्रशासन को तक नहीं लगी भनक






आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** लुटेरों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसका अंदाजा आप इस इस वीडियो को देख लगा सकते हैं। दरअसल मांडर मिशन में दो युवक हथियारों के बल पर एक ज्वेलर्स दुकान से लाखों के जेवरात व रुपये लेकर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मांडर प्रखंड अन्तर्गत मिशन स्थित खीस्त कालोनी मोड़ के सामने शनिवार दोपहर दो हथियार से लैस बाइक सवार युवक शंकर ज्वेलर्स नामक दुकान से बैग भरकर लाखों के जेवरात और नगदी रुपये लूटकर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मांडर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार दोपहर लगभग 2:26 बजे दुकान संचालक अभय सोनी रोजाना की तरह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी बीच दो युवक बाइक पर सवार होकर आये। इस दौरान उन्होंने हथियार के बल पर दुकान के अंदर रखी सोकेश खोलकर लाखों की जेवरात व रुपये लूट लिये और फरार हो गये। घटना के बाद दुकान संचालक अभय सोनी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मांडर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने प्राथमिक जांच के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार लुटेरे बाइक पर आते और जाते हुए दिखाई दे रहे हैं और अंदर घटना को अंजाम देते हुए नजर आ रहे हैं। मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे : खलारी डीएसपी

मौके पर पहुंचे खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि घटना बड़ी है। पुलिस हर बिंदु पर जांच शुरू कर दी है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने एसआईटी गठित कर दी है। एसआईटी अपने तरीके से कार्य कर रही है। एफएसएल की टीम का भी सहारा लिया जा रहा है। एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। घटना के बाद घटनास्थल पर चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राना जंग बहादुर सिंह एवं मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर उपस्थित थे।

## कुरमी/कुड़मी महतो समाज का सम्मेलन सह सम्मान समारोह हुआ आयोजित

जब तक कुरमी को आदिवासी सूची में शामिल नहीं किया जायेगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा : शीतल ओहदार




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** टोटेमिक कुरमी/कुड़मी महतो समाज के बैनर तले शनिवार को चिलदाग स्कूल मैदान में एक दिवसीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के केन्द्रीय मुख्य संयोजक शीतल ओहदार थे जबकि विशिष्ठ अतिथि के तौर पर जेटीयू के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, रणधीर चौधरी, कुमेश्वर महतो, रामपोदो महतो, सखीचंद महतो एवं सुषमा देवी उपस्थित हुए। अध्यक्षता समाजसेवी राजेश महतो ने तथा संचालन सखीचंद महतो ने किया। वहीं पूरे कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रामपोदो महतो थे।

मौके पर शीतल ओहदार ने कहा कि कुरमी समाज संकट के दौर से गुजर रहा है। समाज के 99 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं, शिक्षा का स्तर भी काफी नीचे है, प्रशासनिक अधिकारी नगण्य हैं, राजनीतिक भागीदारी भी तकरीबन शून्य के बराबर है। आजादी के बाद से ही विभिन्न सरकारों द्वारा कुरमी समाज को ठगने का काम किया जाता रहा है। लेकिन अब कुरमी समाज जग चुका है और अपन हक अधिकार के लिए कुछ भी कुर्बानी देने को तैयार है। कहा कि जब तक कुरमी को आदिवासी सूची में शामिल नहीं किया जायेगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कुरमी समाज को अपने अधिकार की लड़ाई के लिए एकजुट होने का आहवान किया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 24 जनवरी को मोरहाबादी रांची में विशाल कुरमी महारैली का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन में दुर्गा महतो, बाबुराम महतो, कमलेश चैधरी, मनोज चैधरी, राजू कु महतो, जलेश्वर महतो, रामनाथ, लब्बुलाल, सोनालाल महतो, सुरेश महतो, महाबीर महतो आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में श्रीराम सेना चुटिया के उपाध्यक्ष की मौत

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नामकुम डाकघर के पास टाटा रोड पर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक की पहचान नामकुम शास्त्री मैदान सामलोंग निवासी आशीष सिंह उर्फ गोलू 26 के रुप में की गयी है। आशीष श्रीराम सेना चुटिया के उपाध्यक्ष भी थे। जानकारी के अनुसार आशीष अपने दोस्त को छोड़ने नामकुम बाजार की ओर गये हुये थे। वहीं घर आने के क्रम में नामकुम डाकघर के पास टाटा रोड पर बने ठोकर में आशीष बाइक सहित रोड पर ही गिर गया। इधर पीछे से आ रहे टेंकर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे आशीष गंभीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची नामकुम पुलिस ने आशीष को उठाकर रांची रिम्स ले गये। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद आशीष को मृत घोषित कर दिया। इधर, दुर्घटना के बाद टेंकर चालक टेंकर छोड़ फरार हो गया। पुलिस टेंकर को जब्त कर थाने ले आयी है।

**मेला :** अनगड़ा गेतलसूद में आयोजित दो दिवसीय श्री रामकृष्ण किसान मेला संपन्न

# किसानों ने 557 फसल एवं सब्जी उत्पाद की प्रदर्शनी लगायी

विधायक सुदेश महतो ने आरके आश्रम दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र के समर्पण भाव से किसानों के बीच जुड़ने की सराहना की




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** कृषि विज्ञान केन्द्र रांची द्वारा श्री रामकृष्ण किसान मेला का आयोजन अनगड़ा प्रखंड के गेतलसूद फार्म में किया गया। यह मेला के वीके (एसएसपी) योजना, नाबार्ड एवं आत्मा द्वारा प्रायोजित था। मेला में जो तकनीकी दिखाया गया था उसमें प्राकृतिक खेती, पोषक अनाज एवं प्राकृतिक संसाधन से संबंधित लाह पालन, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन आदि पर जोर दिया गया। मेला में कुल 557 फसल एवं सब्जी उत्पाद के नमुने किसानों द्वारा प्रदर्श में लाया गया। मेले में विभिन्न विभागों के 32 स्टॉल भी लगाया गये थे। मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओंकारनाथ सिंह, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. एमएस राव, स्वामी भवेशानंद जी महराज, डॉ. अजीत कुमार सिंह, वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान, केवीके रांची उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विधायक ने मेला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेले में प्रदर्शित तकनीक, शोध का प्रचार-प्रसार का कार्य संस्थान द्वारा लगातार किसानों को मजबूत बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने रामकृष्ण मिशन आश्रम दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा समर्पण भाव से किसानों के बीच जुड़ने एवं तकनीक का प्रचार प्रसार करने की सराहना की। वहीं विशिष्ट अतिथि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओंकरानाथ सिंह ने दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र एवं अन्य संस्थानों द्वारा प्रदर्शित तकनीकों का सराहना करते हुए प्रकृतिक खेती को रांची जिले के कुछ चिन्हित क्षेत्रों मे करने की सलाह दी। संस्था के सचिव स्वामी भवेशानन्द जी महराज ने किसानों को जैविक विधि से खेती की और अग्रसर होने की अपील की। इससे पूर्व दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं शोध संस्थान के अध्यापक, एवं प्लॉन्डू हार्प के वैज्ञानिकों के द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान गोष्ठी में प्राकृतिक खेती/जैविक कृषि से स्वस्थ्य मिट्टी, स्वस्थ फसल, स्वस्थ समाज से आधारित पोषण सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, टिकाऊ आजिविका का श्रोत आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. अजित सिंह ने मेला में अतिथियों का स्वागत सह मेला का परिचय दिया। वहीं मेला समिति के सचिव कमल बेदिया ने अनगड़ा प्रखंड के विवेकानंद सेवा संघों में चल रहे विकास कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ.रविन्द्र सिंह ने किया।

मेला में अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, नामकोम जिला परिषद सदस्य विपीन टोपी, सीता लकड़ा, प्रमुख दीपा उरांव, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, इसके साथ मेला को सफल बनाने में मेला समिति अध्यक्ष भुवनेश्वर बेदिया, उपाध्यक्ष मालिया बेदिया, सचिव कमल बेदिया, सह सचिव राजकुमार बेदिया, कोषाध्यक्ष लालो कुमार महतो, संरक्षक सुरेश कुमार महतो, श्रवण मुखियार, नरेन्द्रनाथ बेदिया, प्रदीप महतो, पहलू बेदिया, सोमरा बेदिया, परमेश्वर महतो, बालेशवर महतो, रासल तीर्की, करमसिंह बेदिया, महेन्द्र महतो, आकला कुम्हार, आदि के अलावे स्वय सेवकों का अहम योगदान रहा।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## ओरमांझी मंडल भाजपा ने दीनदयाल की पुण्यतिथि पर किया श्रद्धासुमन अर्पित



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भारतीय जनता पार्टी ओरमांझी मंडल के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर रांची जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, लक्ष्मण साहू, कृष्ण कुमार महतो, उमाशंकर साहू, चंद्र मोहन महतो, अशोक पहान, राम लखन महतो, आनंद मेहता, शशि मेहता आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गगारी को मॉडल पंचायत बनाने को लेकर अधिकारियों ने किया सर्वे



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** गगारी टुंगरी टोला में मुखिया धनराज बेदिया की अध्यक्षता में सीएफपी मनरेगा का कार्य हेतु बैठक की गयी। झारखंड में गगारी पंचायत को एक मॉडल पंचायत बनाने के लिए पहल की गई। जिला कार्यालय से आदित्य प्रभाकर, प्रखंड कार्यालय से प्रतिभा सिंह, अनन्या सिंह, निहाल गौरव, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता के नेतृत्व में सर्वे कार्य किया गया। इस बैठक में मुखिया संग अनीता देवी, कौशल्या देवी, धर्मनाथ बेदिया, लालू बेदिया, पंकज बेदिया, मोतीलाल बेदिया, संतोष बेदिया, मनरखन बेदिया, दिनेश बेदिया, रामवृक्ष बेदिया आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## गौतम बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल में शो योर टेलेंट कार्यक्रम का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** गौतम बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल टाटीसिलवे में शनिवार को शो योर टेलेन्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली छात्रों ने अपनी पाक कक्षा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुये प्राचार्य सेवा शाही ने कहा कि इससे बच्चों की पाक कक्षा की प्रतिभा का पता चलता है। कहा कि बच्चे खाने पीने के शौकिन होते है और जब ये यहां स्वयं खाना बनायेंगे तो उनकी पूरी प्रतिभा उभर कर सामने आयेगी। छात्रों ने इडली, डोसा, चाट, पानी पूरी, समोसा चाट, सूप, चाउमीन, मसाला चना, झालमुड़ी, मिठाईयां, आईस्क्रीम आदि के स्टॉल लगाये थे। प्राचार्य ने सभी शिक्षक और छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देते हुये अगले वर्ष इसे और बेहतर बनाने की कामना की है। इस मौके पर छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक के साथ-साथ छात्रों की भी अहम योगदान रहा।

## सांसद समाधान केंद्र में भाजपाइयों ने दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनायी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सदाबहार चौक स्थित सांसद समाधान केंद्र कार्यालय में शनिवार को खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 106वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर भाजपा कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित की। प्रमोद सिंह ने सभी कार्यकताओं को उनके द्वारा बनाए गये आदर्श पर चलने को कहा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, सांसद प्रतिनिधि सरोज राय, शंकर सिंह मुंडा, अशोक नायक, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, समीर राय, प्रज्ञा भारती, गोपाल चौधरी, गोरखनाथ सिंह, सहदेव सिंह, तुलसी गोप, दिलीप कुमार, शिल्पी शालिनी, जयंती देवी, मनोज नायक, सोहराय पहान, एनपी सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## वाइबीएन विश्वविद्यालय एमकेआइ में लैंप लाइटिंग और कैपिंग सेरेमनी का आयोजन




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मां कलावती इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर में वाईबीएन विश्वविद्यालय के तहत शनिवार को नर्सिंग के लिये कैपिंग और लैंप लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ सुनीता सिंह सीनियर मेडिकल अफसर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कैपिंग सेरेमनी के दौरान नर्सिंग छात्राओं को शपथ दिलायी गयी। बैच बीएससी सत्र 2022-26 और जीएनएम सत्र के 2022 -25 छात्राओं के लिये कैंपिंग और लैंप लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। डॉ ए सुमती, डीन, स्कूल ऑफ नर्सिंग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर 100 छात्राओं को ईश्वर को साक्षी मानकर सेवा की शपथ दिलायी। जिसमे बीएससी सत्र 2022-26 बैच के 40 और जीएनएम सत्र के 2022-25 बैच के 60 छात्र शामिल थे। मुख्य अतिथि डॉ सुनीता सिंह ने छात्राओं से अपील की कि वे लक्ष्य निर्धारित कर बेहतर सीखें और सेवा भाव से काम करने का लक्ष्य बनायें। इस मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के डॉ. ए. सुमती, डीन, स्कूल ऑफ नर्सिंग, श्रीमती शिखा यादव, प्रभारी प्राचार्या, एमकेआई, सुनील यादव हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर एमकेआई एवं सभी नर्सिंग संकाय उपस्थित थे।

## बेड़ो में भाजपा कार्यसमिति की बैठक आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक आज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में होगी। जिसमें बैठक की प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर प्रदेश जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक बुलाई गई है। इसमें सभी सातों मोर्चों के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी मंडल महामंत्री बलराम सिंह ने दिया।

